राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

विजयदशमी पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर, 24 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विजयदशमी पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होने विजयादशमी पर प्रदेशवासियों की समृद्धि, संपन्नता और खुशहाली की कामना की है। श्री मिश्र ने कहा कि विजय दशमी का अर्थ ही है विजय के लिए प्रस्थान। उन्होंने विजय दशमी को शक्ति और समन्वय का सेतु बताते हुए कहा कि इसी दिन भगवान श्री रामचंद्र चौदह वर्ष का वनवास भोगकर तथा रावण का वध कर अयोध्या पहुँचे थे। यह पर्व जन–जन में हर्ष और उल्लास का पर्व है।

———